# डीप टेक के लिये भारत का महत्त्वाकांक्षी प्रयास

## प्रलिम्सि के लिये:

डीप टेक स्टार्टअप्स, डीप टेक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, **मशीन लर्नगि**, इंटरनेट ऑफ थगि्स, बगि डेटा, क्वांटम कंप्यूटगि

## मेन्स के लिये:

**डीप टेक स्टार्टअप्स और भारत**

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

अंतरमि बजट प्रस्तुत करने के दौरान वित्तिमंत्री ने अनुसंधान और विकास क्षेत्र की पहलों के लिये **दीर्घावधि**, अल्प लागत अथवा शून्य-ब्याज़ ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से **1 लाख करोड़ रुपए के आवंटन** की घोषणा की।

- उन्होंने रक्षा क्षेत्र में **डीप-टेक क्षमताओं** का विस्तार करने के लिये एक नए कार्यक्रम के शुभारंभ का आश्वासन दिया जिसमें विभिन्नि क्षेत्रों में डीप-टेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिये एक **व्यापक नीति** तैयार की जाएगी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वर्षांत में किया जा सकता है।

## डीप टेक क्या है?

- **परिचय:**
  - **डीप टेक** अथवा डीप टेक्नोलॉजी स्टार्टअप्स व्यवसायों के एक वर्ग को संदर्भति करती है जो भौतिक इंजीनयिरगि नवाचार अथवा वैज्ञानिक खोजों व प्रगति के आधार पर **नए उत्पाद विकसित** करती हैं।
  - कृत्रमि बुद्धिमत्ता, उन्नत सामग्री, ब्लॉकचेन, जैव-प्रौद्योगिकी, **रोबोटक्सि**, ड्रोन, फोटोनक्सि तथा क्वांटम कंप्यूटगि जैसे गहन प्रौद्योगिकी क्षेत्र प्रारंभिक अनुसंधान से व्यावसायिक अनुप्रयोगों की ओर तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं।
- **डीप टेक की विशेषताएँ:**
  - **प्रभाव:** डीप टेक नवाचार बहुत मौलिक हैं और मौजूदा बाज़ार को बाधित करते हैं तथा एक नवीन विकास करते हैं। डीप टेक पर आधारित नवाचार अक्सर जीवन, अर्थव्यवस्था और समाज में व्यापक परिवर्तन लाते हैं।
  - **समयावधि और स्तर:** प्रौद्योगिकी को विकसित करने और बाज़ार में उपलब्धता के लिये डीप टेक की आवश्यक समयावधि सतही प्रौद्योगिकी विकास (जैसे मोबाइल एप एवं वेबसाइट) से कहीं अधिक है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता को विकसित होने में दशकों लग गए और यह अभी भी पूर्ण नहीं है।
  - **पूंजी:** डीप टेक को अक्सर अनुसंधान और विकास, प्रोटोटाइप, परिकल्पना को मान्य करने एवं प्रौद्योगिकी विकास के लिये प्रारंभिक चरणों में पर्याप्त पूंजी की आवश्यकता होती है।

## डीप टेक क्यों महत्त्वपूर्ण है?

- **वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना:** डीप टेक जलवायु परिवर्तन, भुखमरी, महामारी, ऊर्जा तक पहुँच, सतत् आवागमन और साइबर सुरक्षा सहति जटिल **वैश्विक मुद्दों** का **समाधान** करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ये नवाचार गंभीर सामाजिक तथा पर्यावरणीय चुनौतियों का आशाजनक समाधान प्रदान करते हैं।
- **वैज्ञानिक उन्नति:** डीप टेक में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, **जैव-प्रौद्योगिकी**, क्वांटम कंप्यूटगि और अन्य क्षेत्रों के **अत्याधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान** तथा प्रौद्योगिकी संबंधी विकास शामिल है। इन क्षेत्रों में प्रगति मानव ज्ञान तथा समझ की सीमाओं में विस्तार करती है जिससे समग्र रूप से समाज को लाभ होता है।

- **आर्थिक विकास और प्रतिस्पर्द्धात्मकता:** डीप टेक में निवेश के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा, **अत्यधिक मूल्य वाली नौकरियों के सृजन** तथा उद्यमशीलता को प्रोत्सहान प्रदान कर आर्थिक विकास की वृद्धि को गति प्रदान की जा सकती है। डीप टेक नवाचार में अग्रणी देश तथा उद्यम अन्य देशों से निवेश, प्रतिभा एवं सहयोग के अवसरों को आकर्षित कर **वैश्विक बाज़ार** में अपनी स्थिति को सशक्त करते हैं।
- **आपदा प्रबंधन:** डीप टेक समाधान **आपदा के दौरान बचाव** और **तत्परता** प्रयासों में योगदान करते हैं। उदाहरण के लिये AI-संचालित प्रिडिक्टिव मॉडल अधिक सटीकता के साथ तूफान तथा भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान करने में सहायता कर सकते हैं जिससे जोखिम की स्थिति में लोगों का बचाव करने तथा संसाधनों के अधिक कुशल उपयोग को सक्षम बनाया जा सकता है।
- **आतंकवाद की रोकथाम:** डीप टेक **उन्नत अनुवीक्षण प्रणाली**, बायोमेट्रिक पहचान तकनीक और **पूर्वानुमानित विश्लेषण उपकरण** के विकास को सक्षम बनाती है जो आतंकवाद से निपटने में सहायक हैं।
    - ये प्रौद्योगिकियाँ विधिविरुद्ध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों की **पहचान** करने तथा उनको **ट्रैक** करने, आतंकवादी नेटवर्क को बाधित करने और भविष्य में होने वाले हमलों की रोकथाम करने में मदद करती हैं।

# DEEP TECH'S POTENTIAL

## 3,000

India currently has more than 3,000 deep tech startups, which have raised an estimated $24 billion in funding...

## 33%

of these have started filing for patents.

Projects built around artificial intelligence (AI) and the internet of things (IoT) account for two-thirds of India's deep tech startups. These, in turn, are focused on areas such as fintech, health care, education and logistics.

There is also research underway on how blockchain can help make banking and fintech services more secure. And a few space tech startups are working on ambitious goals in collaboration with organisations such as the government-run Indian Space Research Organisation or ISRO.

## $450-500bn

By 2030, AI and data-powered companies from the deep tech ecosystem are expected to add between $450 billion and $500 billion to India's economy.

*(Source: Annual and periodic reports from Nasscom, the National Association of Software and Service Companies)*

## भारत के डीप टेक स्टार्टअप्स की स्थिति क्या है?

- **बल और अवसर:**
  - भारत में एक बढ़ती प्रौद्योगिकी संस्कृति और **अत्यधिक कुशल वैज्ञानिकों** तथा निपुण अभियंताओं का एक बड़ा समूह मौजूद है। यह देश को डीप टेक समाधानों के विकास और व्यापक उपयोग में सहायता प्रदान करता है।
  - वर्ष 2021 के अंत में भारत में **3,000 से अधिक डीप-टेक स्टार्टअप्स** मौजूद थे जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग (ML), इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स आदि जैसी नवीन प्रौद्योगिकियों से संबंधित थे।

- [NASSCOM](#) के अनुसार भारत में डीप-टेक स्टार्टअप्स ने वर्ष 2021 में उद्यम क्षेत्र में 2.7 बलियिन अमरीकी डालर अर्जति कयि तथा वर्तमान में देश के समग्र स्टार्टअप इकोसस्टिम में इनकी हस्सिेदारी 12% से अधकि है।
- पछिले दशक में भारत का डीप टेक इकोसस्टिम 53% बढ़ा है और वर्तमान में यह अमेरिका, चीन, इज़राइल व यूरोप जैसे वकिसति बाज़ारों के समान है।
    - भारत के डीप टेक स्टार्ट-अप में **बंगलुरू** का योगदान 25-30% है, इसके बाद दल्लिी-NCR (15-20%) और मुंबई (10-12%) का स्थान है।

- **संभावति योगदान:**
    - भारत में डीप टेक की उन्नत, शीघ्र अपनाने, [बौद्धकि संपदा](#) साझा करने, **स्वदेशी ज्ञान वकिास और आत्मनरि्भरता को बढ़ावा देने में महत्त्वपूर्ण** योगदान देने की क्षमता है।
        - इससे प्रौद्योगकियिों, कुशल कार्यबल वकिास, उद्यमशीलता और प्रौद्योगकिी नरि्यात को बढ़ावा मलि सकता है।
    - डीप-टेक स्टार्ट-अप ड्रोन डलीवरी एवं कोल्ड चेन मैनेजमेंट से लेकर जलवायु कार्रवाई और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी उपस्थति दर्ज करा रहे हैं।




## सरकार डीप टेक स्टार्टअप्स के लयि पारस्थितिकी तंत्र कैसे स्थापति कर रही है?

- सरकार परविर्तनकारी प्रौद्योगकिी क्षेत्रों जैसे गतशीलता, [बैटरी भंडारण](#) तथा [क्वांटम प्रौद्योगकिी](#) **में अनुसंधान और नवाचार** को सक्रयि रूप से बढ़ावा दे रही है।
    - **नेशनल मशिन ऑन ट्रांसफॉर्मेटवि मोबलिटिी एंड बैटरी स्टोरेज** और [राष्ट्रीय क्वांटम मशिन](#) जैसी पहल इन प्रयासों के उदाहरण हैं।
- **नीत रूपरेखा का वकिास:**
    - डीप टेक्नोलॉजी में लगे व्यवसायों के लयि एक सहायक वातावरण बनाने के लयि डज़िाइन कयि गए नयिमों का एक सेट वर्ष 2023 में पूरा कयिा गया था। वर्तमान में सरकार की मंजूरी के लयि [नेशनल डीप टेक स्टार्टअप पॉलसी (NDTSP)](#) की मांग की जा रही है।
        - यह [नीत उद्योग संवर्धन और आंतरकि व्यापार वभिाग](#) तथा प्रधान वैज्ञानकि सलाहकार कार्यालय के बीच एक सहयोगात्मक प्रयास है।
    - **नीत के उद्देश्य: NDTSP को प्रौद्योगकिी स्टार्टअप के सामने आने वाली वशिष्टि चुनौतियों का समाधान करने और उन्हें वशि्व स्तर पर प्रतस्पिर्द्धा और सहयोग करने के लयि एक अनुकूल मंच प्रदान करने के लयि डज़िाइन कयिा गया है।**
    - **प्रमुख फोकस क्षेत्र**: NDTSP कई प्रमुख क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार करता है जनि पर इसके उद्देश्यों को प्राप्त करने के लयि ध्यान देने की आवश्यकता है:
        - **दीर्घकालकि वत्तिपोषण के अवसर:** डीप टेक स्टार्टअप्स को फलने-फूलने में सक्षम बनाने के लयि नरिंतर वत्तिीय सहायता हेतु तंत्र बनाना।
        - **बौद्धकि संपदा अधकिार व्यवस्था:** डीप टेक्नोलॉजी क्षेत्र में अनुसंधान और वकिास में नविश को प्रोत्साहति करने के लयि कर लाभ प्रदान करना।
        - **कर प्रोत्साहन:** डीप टेक्नोलॉजी क्षेत्र में अनुसंधान और वकिास में नविश को प्रोत्साहति करने के लयि कर लाभ प्रदान करना।
        - **अनुकूल नयिामक ढाँचा:** ऐसे नयिम वकिसति करना जो अनुपालन तथा सुरक्षा सुनश्चिति करते हुए गहन तकनीकी स्टार्टअप के वकिास का समर्थन एवं सुवधिा प्रदान करते हैं।
        - **मानक और प्रमाणपत्र:** डीप टेक्नोलॉजी उत्पादों एवं सेवाओं में गुणवत्ता तथा वशि्वसनीयता सुनश्चिति करने के लयि उद्योग मानक और प्रमाणन नर्धारति करना।

- **प्रतिभा पोषण:** कुशल पेशेवरों के विकास में निवेश करना तथा गहन प्रौद्योगिकी नवाचार के लिये अनुकूल प्रतिभा को बढ़ावा देना।
- **उद्योग-शिक्षा सहयोग:** ज्ञान के आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देने के लिये उद्योग, अनुसंधान संस्थानों एवं शैक्षिक प्रतिष्ठानों के बीच संबंधों को सुविधाजनक बनाना।
- इन महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों को संबोधित करके NDTSP का लक्ष्य एक **मज़बूत और टिकाऊ पारिस्थितिकी तंत्र** के लिये आधार तैयार करना है जो गहन तकनीकी स्टार्टअप परिदृश्य में नवाचार एवं विकास को बढ़ावा देता है।

- राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (NRF) **कार्यान्वयन:** सरकार ने राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (NRF) की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य अनुसंधान उन्नति के लिये विभिन्न क्षेत्रों के बीच तालमेल स्थापित करना है।
  - यह अनुमान लगाया गया है कि निजी क्षेत्र से प्राप्त NRF के बजट का लगभग 70% प्रदान करेगा, जो पाँच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपए होगा।

## डीप टेक परियोजनाओं के सामने क्या चुनौतियाँ हैं?

- **निवेश पर उच्च जोखिम और दीर्घकालिक रिटर्न: डीप टेक परियोजनाओं को प्राय: अनुसंधान और विकास में महत्त्वपूर्ण अग्रिम निवेश की आवश्यकता होती है, साथ ही बाज़ार तक पहुँचने एवं राजस्व अर्जित करने में वर्षों या दशकों का समय लग सकता है। यह उन्हें पारंपरिक निवेशकों के लिये कम आकर्षक बनाता है,परिणामस्वरूप यह कम जोखिम वाले और कम अवधि वाले उद्यम के रूप में निर्मित होते हैं।**
- विशिष्ट प्रतिभा की कमी: डीप टेक परियोजनाओं के लिये अत्यधिक कुशल और अनुभवी शोधकर्त्ताओं, इंजीनियरों एवं उद्यमियों की आवश्यकता होती है, जिनकी आपूर्ति कम है तथा मांग अधिक है। विशेष रूप से उभरते बाज़ारों में डीप टेक स्टार्टअप के लिये ऐसी प्रतिभा को ढूँढना और बनाए रखना कठिन तथा महँगा हो सकता है।
- बाज़ार की तैयारी का अभाव: डीप टेक परियोजनाओं को नियामक, नैतिक, सामाजिक या पर्यावरणीय बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जो उनकी स्वीकार्यता और स्केलेबिलिटी को सीमित करते हैं। उन्हें संभावित ग्राहकों तथा हितधारकों को उनके समाधानों के मूल्य एवं व्यवहार्यता के बारे में शिक्षित व समझाने की भी आवश्यकता हो सकती है, जो जटिल और अपरिचित हो सकते हैं।
- **भारत में अपर्याप्त अनुसंधान निधि:** 2% GDP आवंटन के लक्ष्य के बावजूद भारत में अपर्याप्त अनुसंधान निधि बनी हुई है। जबकि अनुसंधान एवं विकास पर पूर्ण खर्च बढ़ गया है, सकल घरेलू उत्पाद के सापेक्ष अनुपात में गिरावट आई है, जो वर्तमान में 0.65% है, जो वैश्विक औसत 1.8% से काफी कम है।
- **यह वित्तीय कमी वैज्ञानिक रूप से उन्नत देशों के साथ भारत की प्रतिस्पर्द्धात्मकता को बाधित करती है, जो महत्त्वपूर्ण अनुसंधान गतिविधियों के लिये समर्थन में कमी की चिंताजनक प्रवृत्ति का संकेत देती है।**
- वैज्ञानिक समुदाय के भीतर संदेह: सरकार के प्रयासों के बावजूद, वैज्ञानिक समुदाय के भीतर संदेह बरकरार है। कई लोग अनुसंधान के वित्तपोषण के लिये केवल निजी क्षेत्र पर निर्भर रहने की प्रभावशीलता पर संदेह करते हैं। उनका तर्क है कि सरकारी फंडिंग महत्त्वपूर्ण बनी हुई है और निजी निवेश की उम्मीदें अत्यधिक आशावादी हो सकती हैं।
- **वित्तीय अपर्याप्तता:** नवाचार पर सरकार के फोकस के बावजूद, प्रमुख विभागों के लिये बजटीय वृद्धि मामूली है। उदाहरणतः वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) और अंतरिक्ष विभाग में मामूली वृद्धि देखी जा रही है, जबकि **अन्य को बजट में कटौती का सामना** करना पड़ रहा है।
- **नौकरशाही बाधाएँ:** धन उपलब्ध होने पर भी, **देरी और नौकरशाही बाधाएँ** अक्सर उनके प्रभावी वितरण में बाधा बनती हैं। जटिल प्रक्रियाएँ परियोजना के वित्तपोषण में रुकावट उत्पन्न करती हैं, जिससे अनुसंधान प्रशासनिक प्रगति में बाधित होती है।

ET tech

## Funding across deeptech sectors in 2023

| | SEED-STAGE | | EARLY-STAGE | | LATE-STAGE | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Value ($ mn) | Volume | Value ($ mn) | Volume | Value ($ mn) | Volume |
| Spacetech | 4.5 | 2 | 114.7 | 6 | 0 | 0 |
| Electric vehicles | 15.5 | 12 | 214.2 | 11 | 154.4 | 2 |
| Semiconductors | 6.9 | 4 | 2.4 | 1 | 0 | 0 |
| Cleantech | 53.9 | 33 | 227.2 | 13 | 283.4 | 4 |
| Other deeptech | 80.7 | 53 | 421.3 | 25 | 34.3 | 2 |

**Source:** Tracxn (prepared on Dec 18)

दृष्टि The Vision

## आगे की राह

- **अनुसंधान नधिमिें सार्वजनकि-नजिी भागीदारी की भूमकिा में वृद्धि:** हाल की सरकारी पहल अनुसंधान एवं वकिास नविेश को बढ़ावा देने के लयि नजिी क्षेत्र के साथ **साझेदारी को बढ़ावा देने की दशिा में बदलाव** का सुझाव देती है। सरिफ सार्वजनकि वत्ति पोषण की सीमाओं को स्वीकार करते हुए, उद्योग, अनुसंधान संस्थानों और शैक्षकि नकिायों के बीच सहयोग बढ़ाने के प्रयास चल रहे हैं।
- **नधियिों का इष्टतम उपयोग सुनश्चिति करना:** 1 लाख करोड़ रुपए के कोष का उद्देश्य अनुसंधान और वकिास में लगे स्टार्टअप तथा नजिी क्षेत्र के उद्यमों के लयि प्रारंभकि **वत्ति पोषण** प्रदान करना है।
  - हालाँकि यह सुनश्चिति कयिा जाना चाहयि कि **आवंटति नधि का उचति उपयोग** हो, समय पर धनराशजिारी करने का भार भी उठाया जाना चाहयि।
- **बौद्धकि संपदा अधकिारों को सुदृढ़ बनाना:** डीप टेक स्टार्टअप अपने नवाचारों की रक्षा करने और प्रतस्पिर्द्धात्मक बढ़त हासलि करने के लयि अपनी बौद्धकि संपदा (IP) पर वश्विास करते हैं। सरकार IP पंजीकरण तथा प्रवर्तन प्रक्रयि को सुव्यवस्थति एवं सरल बना सकती है व IP से संबंधति मामलों पर गहन तकनीकी स्टार्टअप को अधकि जागरूकता और सहायता प्रदान कर सकती है।
  - नजिी क्षेत्र और शक्षिा जगत भी गहन तकनीकी स्टार्टअप के बीच IP नरि्माण तथा व्यावसायीकरण को प्रोत्साहति एवं पुरस्कृत कर सकते हैं।
- **मानव पूंजी और प्रतभिा पाइपलाइन का नरि्माण: सरकार, नजिी क्षेत्र तथा शक्षिा जगत गहन तकनीकी शक्षिा एवं प्रशक्षिण की गुणवत्ता और मात्रा बढ़ाने के लयि मलिकर काम कर सकते हैं, एवं गहन तकनीकी प्रतभिाओं हेतु एक-दूसरे से जुड़ने, सहयोग करने व सीखने के अधकि अवसर उत्पन्न कर सकते हैं।**
  - सरकार भारत में वदिेशी तकनीकी प्रतभिाओं की गतशिीलता और आप्रवासन की सुवधि भी प्रदान कर सकती है, तथा उन्हें भारत में काम करने व रहने के लयि अधकि आर्थकि प्रोत्साहन एवं लाभ भी प्रदान कर सकती है।

## नष्किर्ष:

अनुसंधान एवं वकिास के लयि 1 लाख करोड़ रुपए के फंड की सरकार की घोषणा, साथ ही **डीप टेक क्षमताओं को** मज़बूत करने की पहल, भारत की नवाचार

यात्रा में एक **महत्त्वपूर्ण समय** का संकेत देती है। हालाँकि राह में चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं जनि पर सावधानीपूर्वक ध्यान देने की आवश्यकता है।

## सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

### ***???????????:***

**प्रश्न. अटल नवप्रवर्तक (इनोवेशन) मशिन कसिके अधीन स्थापति कयिा गया है? (2019)**

(a) वज्ञिान और प्रौद्योगिकी वभिाग
(b) श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय
(c) नीतिआयोग
(d) कौशल वकिास और उद्यमतिा मंत्रालय

**उत्तर: (c)**

---

### ***??????:***

**प्रश्न. कोवडि-19 महामारी ने वशि्वभर में अभूतपूर्व तबाही उत्पन्न की है। तथापि, इस संकट पर वजिय पाने के लयि‍े प्रौद्योगिकीय प्रगति का लाभ स्वेच्छा से लयिा जा रहा है। इस महामारी के प्रबंधन के सहायतार्थ प्रौद्योगिकी की खोज कैसे की गई, उसका एक ववरिण दीजयि‍े। (2020)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-ambitious-push-for-deep-tech